

**Dr. Manoj Jain**
Director

# DAILY CURRENT AFFAIRS QUESTIONS

कर्मण्येव जयते

पुलिस | PATWAR
HIGH COURT | रेलवे JE, Group-D, TC, RPF
BANK | SSC CGL, 10+2, CPO-SI, MTS
शिक्षक Ist ग्रेड | REET I, II Level

# CURRENT
# G.K.
## MCQ QUESTIONS
## 17 December 2022



डॉ. मनोज जैन द्वारा संचालित

# काव्य क्लासेज®

मोदी कॉलेज रोड, दादाबाड़ी, कोटा ( राज. )


पता : मोदी कॉलेज रोड़, दादाबाड़ी, कोटा (राज.)

**Helpline : 94601-22225, 81045-02225**

## 17 दिसंबर का इतिहास

- **1715 :** सिखों के प्रमुख बंदा बहादुर बैरागी में गुरूदासपुर में मुगलों के सामने आत्मसमर्पण किया।
- **1940 :** महात्मा गांधी ने व्यक्तिगत सत्याग्रह आंदोलन स्थगित किया
- **1971 :** भारत पाक युद्ध समाप्त हुआ।
- **1928 :** लाला लाजपत राय की हत्या का बदला लेने के लिए भगत सिंह, राजगुरू और सुखदेव ने उन पर लाठी चार्ज करने वाले सांडर्स की हत्या कर दी।
- **1398 :** मंगोल सम्राट तैमूरलंग ने दिल्ली पर कब्जा किया।

## 17 दिसंबर से संबंधित करेंट अफेयर्स

- केंद्र सरकार द्वारा पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 13वीं किस्त दिसंबर के आखिर में जारी की जा सकती है। पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत केंद्र सरकार की और से किसानों को एक वर्ष में तीन अलग-अलग किस्तों में नियमित अंतराल पर 6000 रूपये आर्थिक सहायता के तौर पर दिए जाते हैं। पीएम किसान सम्मान निधि योजना को 2019 में लॉन्च किया गया था।
- तेल, साबुन और शैंपू जैसे दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड ने ओजिवा में बहुलांश हिस्सेदारी और वेलबीइंग न्यूट्रिशन में 19.8 प्रतिशत अधिग्रहण करने की घोषणा की। यह सौदा 335 करोड़ रूपये का है। एचयूएल ने बयान में कहा कि कंपनी स्वास्थ्य और सेहतमंद पोषण के क्षेत्र में दस्तक देने के लिए 264.28 करोड़ रूपये में जीवी वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड के ओजिवा ब्रांड में 51 प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण करेगी।
- Apple ने घोषणा की है कि वह आईक्लाउड पर एंड-टू-एंड एन्क्रिप्शन द्वारा संरक्षित डेटा पॉइंट्स को 14 से 23 श्रेणियों तक बढ़ाएगा। Apple द्वारा डेटा ब्रीच रिसर्च के अनुसार वर्ष 2013 और 2021 के बीच डेटा ब्रीच की कुल संख्या तीन गुना से अधिक हो गई। अकेले वर्ष 2021 में 1.1 विधेयकियन व्यक्तिगत रिकॉर्ड का डेटा सामने आया। एंड-टू-एंड एन्क्रिप्शन के साथ क्लाउड में डेटा का उल्लंघन होने की स्थिति में भी उपयोगकर्ता का डेटा सुरक्षित रहेगा। अच्छी तरह से वित्त पोषित समूहों द्वारा शुरू किये गए हैकिंग हमलों के लक्ष्यों हेतु सुरक्षा की अतिरिक्त परत मूल्यवान होगी।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नागपुर रेलवे स्टेशन पर नागपुर और बिलासपुर के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे भी मौजूद रहे। यह ट्रेन नागपुर से बिलासपुर के बीच चलेगी। इसमें चेयर कार के लिए कुल 912 सीटें है। भारतीय रेलवे आजादी के अमृत महोत्सव के तहत 75 वंदे भारत ट्रेने चलाने के लक्ष्य पर काम कर रहा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, चालू वित्त वर्ष के लिए कोच उत्पादन कार्यक्रम में कम से कम 35 वंदे भारत रेक को मंजूरी दी गई है।
- भारत की जी-20 अध्यक्षता में वित एवं केंद्रीय बैंक के उप-प्रमुखों की पहली बैठक कर्नाटक के बेंगलुरू में चल रही है।
- जापानी अंतरिक्ष स्टार्टअप ispace Inc ने अपने HAKURO-R मिशन के तहत स्पेसएक्स फाल्कन 9 रॉकेट से चंद्रमा पर अपना निजी लैंड M1 लॉन्च किया है। यह जापान और किसी निजी कंपनी द्वारा अपनी तरह का पहला चंद्र मिशन है। इस मिशन के तहत लैंडर को चंद्रमा पर पहुंचने में लगभग पांच महीने लगेंगे।
- न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता को सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में शपथ ली है। जस्टिस दत्त का कार्यकाल 8 फरवरी 2030 को समाप्त होगा। उनकी नियुक्ति के सार्थ सर्वोच्च न्यायालय में 34 न्यायाधीशों में से 28 न्यायाधीश होंगे। वर्तमान में सर्वोच्च न्यायालय की अधिकतम क्षमता चौंतीस न्यायाधीशों की है।
- संस्कृति मंत्रालय ने पटियाला, नागपुर, उदयपुर, प्रयागराज, कोलकाता, दीमापुर और तंजावुर में मुख्यालय के साथ सात क्षेत्रीय सांस्कृतिक केंद्र स्थापित किए हैं। केंद्रों का मुख्य उद्देश्य देश भर में कला, संस्कृति और शिल्प का संरक्षण और विकास करना है। इन जेडीसीसी ने देश भर में कला और संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए 42 से अधिक क्षेत्रीय उत्सवों का आयोजन किया है। जेडसीसी को विभिन्न गतिविधियों और कार्यक्रमों के संचालन के लिए सरकार से नियमित अनुदान प्राप्त होता है।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मोपा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का उद्घाटन किया। इस हवाई अड्डे का नाम पूर्व रक्षा मंत्री और बीजेपी के दिवंगत नेता मनोहर पर्रिकर के नाम पर रखा गया है। इस मौके पर पीएम मोदी ने कहा कि इस हवाई अड्डे से निश्चित रूप से पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।
- देश में राजनीतिक दलों के आंतरिक संचालन को विनियमित करने और निगरानी के लिये भारत निर्वाचन आयोग को जिम्मेदार बनाने के लिए लोकसभा में एक निजी सदस्य विधेयक पेश किया गया। यह विधेयक ऐसे समय में प्रस्तुत किया गया है जब सर्वोच्च न्यायालय मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति में सुधार की आवश्यकता पर याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा है।
- जम्मू-कश्मीर ने आयुष्मान भारत स्वास्थ्य कार्ड बनाने में शीर्ष स्थान हासिल किया है। इसके अलावा टेली परामर्श में दूसरा स्थान हासिल किया है।

डॉ. मनोज जैन द्वारा संचालित काव्य क्लासेज

## राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स

**1. हाल ही में 16 से 20 दिसंबर तक पहली बार जयपुर आर्ट समिट का आयोजन कहां किया जा रहा है ?**

(A) मुंबई (B) नई दिल्ली
(C) ग्वालियर (D) जैसलमेर

**(C)** ग्वालियर में पहली बार जयपुर आर्ट समिट का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में 15 देशों के 111 कलाकार शामल होंगे। इसमें देशभर के साथ-साथ विदेशी कलाकार शामिल होंगे। इस कार्यक्रम की शुरूआत 16 दिसंबर से 20 दिसंबर तक जीवाजी विश्वविद्यालय के सभागार में आयोजित किया जा रहा है। इसमें ग्वालियर के कलाकार अपने हुनर को प्रदर्शित करेंगे साथ ही समिति में शामिल होने वाली विदेशी कलाकार कैनवास के साथ-साथ अलग-अलग माध्यम से अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे।




**2. हाल ही में किस बैंक ने परिवर्तन स्मार्टअप ग्रांट्स के लिए स्टार्टअप इंडिया के साथ साझेदारी की ?**

(A) ICICI बैंक (B) HDFC बैंक
(C) SBI बैंक (D) BOI


**(B)** एचडीएफसी बैंक ने भारत सरकार के फ्लैगशिप अभियान, स्टार्टअप इंडिया के साथ साझेदारी में सोशल स्टार्टअप्स के लिए अपने छठवें वार्षिक ग्रांट्स कार्यक्रम का लॉन्च करने की घोषणा की। परिवर्तन स्मार्टअप ग्रांट्स नामक इस कार्यक्रम का उद्देश्य सामाजिक प्रभाव के क्षेत्र में काम कर रहे स्टार्टअप्स की पहचाना करना है।




**3. हाल ही में अगली पीढ़ी के लिए धूम्रपान पर प्रतिबंध लगाने के लिए किस देश ने तंबाकू कानून पारित किया ?**

(A) संयुक्त राज्य अमेरिका (B) जापान
(C) चीन (D) न्यूजीलैंड

**(D)** हाल ही में न्यूजीलैंड की सरकार ने नई जनरेशन में स्मोकिंग को रोकने के उद्देश्य से अपने देश में एक नया टोबैको लॉ लेकर आई है। यह नया कानून 2023 में लागू कर दिया जाएगा। इसके तहत 1 जनवरी 2009 के बाद पैदा हुए किसी भी व्यक्ति को सिगरेट की खरीद पर प्रतिबंध होगा।



**4. हाल ही में किस देश ने दो महिलाओं के हस्ताक्षर के साथ पहला बैंकनोट छापा है?**

(A) अमेरिका (B) ऑस्ट्रेलिया
(C) भारत (D) जापान

**(A)** संयुक्त राज्य अमेरिका के वित मंत्रालय ने दो महिलाओं के हस्ताक्षर के साथ पहला अमेरिकी बैंकनोट मुद्रित किया है। $1 और $5 मूल्य के नए नोटों पर अमेरिकी वित मंत्री जेनेट येलेन और लिन मालेर्बा के हस्ताक्षर हैं। संयुक्त राज्य अमेरिका के करेंसी नोट को ग्रीनबैक भी कहा जाता है।



**5. हाल ही में प्रधानमंत्री ने किस राज्य में 75000 करोड़ रूपये की परियोजनाओं का शुभारंभ किया ?**

(A) बिहार (B) ओडिशा
(C) महाराष्ट्र (D) सिक्किम

**(C)** इन परियोजनाओं में 1500 करोड़ रूपये से अधिक की राष्ट्रीय रेल परियोजनाएं, नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वन हेल्थ नागपुर और नाग नदी प्रदूषण उपशमन परियोजना, नागपुर शामिल है। इस कार्यक्रम के दौरान, प्रधानमंत्री ने सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ पेट्रोकेमिकल्स इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, चंद्रपुर को भी राष्ट्र को समर्पित किया और सेंटर फॉर रिसर्च, मैनेजमेंट एंड कंट्रोल ऑफ हीमोग्लोबिनोपैथिस, चंद्रपुर का भी उद्घाटन किया।



डॉ. मनोज जैन द्वारा संचालित काव्य क्लासेज



**6. भारतीय ओलंपिक संघ की पहली महिला अध्यक्ष कौन बनीं है ?**

(A) सानिया मिर्जा (B) पीटी उषा

(C) साइना नेहवाल (D) पीवी सिंधु

**(B)** पूर्व एथलीट पीटी उषा को कानूनी तौर पर भारतीय ओलंपिक संघ की पहली महिला अध्यक्ष के रूप में चुना गया है। 58 वर्षीय पीटी उषा चार एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता हैं और 1984 में ओलंपिक 400 मीटर बाधा दौड़ के फाइनल में चौथे स्थान पर रहीं थी।




**7. द सुनामी रेडी रिकॉग्निशन प्रोग्राम किसने विकसित किया है ?**

(A) यूनेस्को का इंटरगवर्नमेंटल ओशनोग्राफिक कमीशन

(B) अंतर्राष्ट्रीय समुद्री प्राधिकरण

(C) विश्व मौसम विज्ञान संगठन

(D) अंतर्राष्ट्रीय मैरिटाइम संगठन

**(A)** हाल ही में केरल वलियापरम्बा ग्राम पंचायत में यूनेस्को का द सुनामी रेडी रिकॉग्निशन प्रोग्राम शुरू किया गया। बलियापरम्बा को इसकी पारिस्थितिक और भौगोलिक विशेषताओं को देखते हुए परियोजना के लिए चुना गया है। सुनामी रेडी रिकॉग्निशन प्रोग्राम यूनेस्को के इंटर-गवर्नमेंटल ओशनोग्राफिक कमीशन द्वारा विकसित एक अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रम है।



**8. हाल ही में चर्चित पहल 30 बाय 30 किससे संबंधित है ?**

(A) अंतरिक्ष में रहने योग्य क्षेत्रों की खोज

(B) सड़क दुर्घटना के कारण होने वाली मौतों में कमी

(C) जैव विविधता का संरक्षण

(D) कुपोषण

**(D)** कनाडा के मॉन्ट्रियल में चल रहे COP15 शिखर सम्मेलन में 30 बाय 30 पहल पर फोकस होने की उम्मीद है। वर्ष 2030 तक भूमि और महासागरों के कम से कम 30% भाग की रक्षा करने के लिए 30 बाय 30 पहल की परिकल्पना की गई। इस प्रतिज्ञा का उद्देश्य पार्क, समुद्र और जंगल जैसे प्राकृतिक क्षेत्रों की रक्षा करके जैव विविधता के नुकसान को रोकना है।



**9. गोवा के मोपा इंटरनेशल एयरपोर्ट का नाम किस के नाम पर रखा गया है ?**

(A) अरूण जेटली (B) मनोहर पर्रिकर

(C) प्रमोद सावंत (D) नीलेश कबराल

**(B)** गोवा में मोपा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का नाम पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर पर्रिकर के नाम पर रखा गया है और इसका उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया गया है। यह पणजी से लगभग 35 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है, यह नया एयरपोर्ट सालाना 44 लाख लोगों को समायोजित कर सकता है।



**10. भूजल पर संयुक्त राष्ट्र जल शिखर सम्मेलन 2022 किस शहर में आयोजित किया गया ?**

(A) नई दिल्ली (B) वाशिंगटन

(C) बर्लिन (D) पेरिस

**(D)** हाल ही में फ्रांस के पेरिस में भूजल पर संयुक्त राष्ट्र जल शिखर सम्मेलन 2022 आयोजित किया गया। यह सम्मेलन संयुक्त राष्ट्र-जल, यूनेस्कों और अंतर्राष्ट्रीय भूजल संसाधन आकलन केंद्र द्वारा आयोजित किया गया था। इस सम्मेलन में भूजल की रक्ष के महत्व और इसके सतत उपयोग के तरीकों पर प्रकाश डाला गया।